आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.01.2026 / 9:20बजे

प्रादेशिक समाचार

"आज के मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग
  - मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय वित्त मंत्री से सेब पर शत–प्रतिशत आयात शुल्क लगाने और सेब को 'विशेष श्रेणी' में शामिल करने का किया आग्रह
  - प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल की अध्यक्षता में हिमाचल कांग्रेस संगठन की बैठक आज दिल्ली में–संगठन के पुनर्गठन पर होगी चर्चा।
  - चम्बा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस की नीति–नशा तस्करों पर निरंतर कड़ी कार्रवाई जारी
  - आज से प्रदेश में सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ–22 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी की संभावना।

प्रधानमंत्री – स्टार्टअप इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारत के जीवंत स्टार्टअप इको सिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर स्टार्टअप प्रतिनिधि अपने उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अनुभव भी साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्र के समक्ष प्रदेश के सेब उत्पादकों के हितों की पैरवी करते हुए सेब पर शत प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का आग्रह किया है। कल नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में उन्होंने विदेशी सेबों के बढ़ते आयात से राज्य के सेब उत्पादकों को हो रही भारी क्षति से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने लगभग अढ़ाई लाख सेब उत्पादकों के हितों के लिए सेब को 'विशेष श्रेणी' में शामिल करने की मांग की ताकि प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से संरक्षण मिल सके। उन्होंने हिमाचल में सेब उत्पादन के जुलाई से नवंबर तक की अवधि के दौरान सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेब उत्पादन से हर वर्ष लगभग 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये की आय होती है, जो राज्य के कुल फल उत्पादन का करीब 80 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने न्यूजीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में यहां से सेब आयात अढाई गुना बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि अप्रैल से अगस्त के दौरान न्यूजीलैंड के सेब पर 25 प्रतिशत शुल्क छूट के कारण कोल्ड स्टोरेज में रखे गए हिमाचल के सेब के दाम गिर रहे हैं, जिससे ऑफ–सीजन व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

जे पी नड्डा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश से जुड़ी परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष रखने और प्रदेश के विकास में सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने सहित स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास से जुड़ी परियोजनाओं व आयुष्मान भारत योजना में केन्द्रीय सहयोग की भी मांग की। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

कांग्रेस पुनर्गठन

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन को लेकर आज दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल करेंगी, जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता इसमें भाग लेंगे। बैठक में जिला, ब्लॉक और प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा होगी। "वन मैन–वन पोस्ट" सिद्धांत को सख्ती से लागू करते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने इस बार संगठन का आकार छोटा रखने का निर्णय लिया है, ताकि कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और सक्रिय बन सके।

बिंदल.

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल, दिशाहीन और आपसी कलह में उलझी हुई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि उप–मुख्यमंत्री और मंत्री एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाने में व्यस्त हैं और सरकार का हर घटक अपनी भड़ास निकालने में लगा है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश का सचिवालय जहां से जनहित में निर्णय होने चाहिएं, आज युद्धभूमि में तबदील हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है और पिछले 70 वर्षों के इतिहास में हिमाचल ने ऐसी अराजकता वाली स्थिति कभी नहीं देखी है।

जीरो टॉलरेंस

चम्बा जिला को नशा मुक्त बनाने व नशा तस्करी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य राज्य कर एवं आबकारी विभाग निरंतर प्रयासरत हैं। जिला में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और नशा तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ निरंतर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं जिला में तस्करी के दोषी व्यक्तियों की संपत्ति की डिमार्केशन भी शुरू कर दी गई है। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की वे अपने–अपने क्षेत्र में गठित नशा निवारण समितियों को और अधिक मजबूत करें तथा उनमें पुलिस व पंचायती राज विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल करें ताकि ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में भी नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम और अधिक मजबूत व कारगर सिद्ध हो सके।

मौसम

राजधानी शिमला सहित आज प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्के बादल छाए हुए है। आज से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के अधिक व मध्यम ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में वर्षा व बर्फबारी की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा प्रदेश के कई क्षेत्रों में शीतलहर व निचले क्षेत्रों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज से 22 जनवरी तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने कल सिरमौर जिले में हुई आगजनी से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं कमरे में रखी थी अंगीठी, देर रात लगी आग सिलिंडर फटे, तीन बच्चों समेत 6 जिंदा जले।

दैनिक भास्कर ने मैदानी क्षेत्र में कोल्ड वेव और धुंध ने बढ़ाई परेशानी शीर्षक से लिखा है हिमाचल बारिश–बर्फबारी के लिए तैयार आज रात से दिखेगा असर।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने मांगा 10 हजार करोड़ न्यूनतम राजस्व घाटा अनुदान हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग
  - मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय वित्त मंत्री से सेब पर शत–प्रतिशत आयात शुल्क लगाने और सेब को 'विशेष श्रेणी' में शामिल करने का किया आग्रह
  - प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल की अध्यक्षता में हिमाचल कांग्रेस संगठन की बैठक आज दिल्ली में–संगठन के पुनर्गठन पर होगी चर्चा।
  - चम्बा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस की नीति–नशा तस्करों पर निरंतर कड़ी कार्रवाई जारी

  - आज से प्रदेश में सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ–22 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी की संभावना।